एमएमएमयूटी सेमीफाइनल में

गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन हुए मैच में जीत हासिल कर मेजबान एमएमएमयूटी, गर्वमेन्ट इंजीनियरिंग कॉलेज आजमगढ़, बीबीडी लखनऊ, केआईटी वाराणसी की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं।

एयर कमाण्डर चीफ अरुण मलिक ने खिलाड़ियों से परिचय कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। लीग मैच में पहला मुकाबला एमएमएमयूटी और केआईटी वाराणसी के मध्य हुआ। इसमें वाराणसी टीम ने विजय दर्ज की। दूसरे मैच में बीबीडी लखनऊ ने बीआईटी झांसी टीम को, तीसरे मैच में गर्वमेन्ट इंजीनियरिंग कॉलेज आजमगढ़ ने सुयश इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी गोरखपुर को, चौथे मैच में एमएमएमयूटी टीम ने सुयश को, पांचवें में बीबीडी लखनऊ ने बीआईटी झांसी को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि रविवार को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।